# University in News on 24 December 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# अब 75 नंबर की थ्योरी, 25 का इंटरनल

## लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत बदली मूल्यांकन की व्यवस्था, प्रेजेंटेशन/वाइवा के 5 की जगह 10 अंक

अक्षय कुमार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत जहां अपने पाठ्यक्रम को अपग्रेड किया है। वहीं, अब मूल्यांकन व्यवस्था में भी बदलाव किया जा रहा है। इसके अनुसार अब यूजी में थ्योरी पेपर 75 नंबर का और इंटरनल 25 नंबर का होगा। हालांकि, अभी तक विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका नोटिफिकेशन नहीं जारी किया है, जबकि कॉलेजों से इंटरनल मांग लिए गए हैं और इसकी अंतिम तिथि भी तय कर दी है।

विश्वविद्यालय ने पीजी के बाद नए सत्र 2021-22 से स्नातक प्रथम वर्ष से एनईपी को प्रभावी बनाया है। इसके तहत जहां स्नातक कोर्स तीन की जगह चार साल का हुआ है। वहीं, पहले वर्ष के विद्यार्थियों को पहले सेमेस्टर में को-कॅरिकुलर एक्टिविटी को शामिल किया गया है, जबकि दूसरे सेमेस्टर में एक वोकेशनल कोर्स शामिल किया गया है। इसी क्रम में मूल्यांकन व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

इसके अनुसार थ्योरी पेपर 80 की जगह 75 नंबर का और इंटरनल 20 की जगह 25 नंबर का किया गया है। जानकारी के अनुसार इंटरनल में जो बदलाव किया गया है। उसमें अब 10 नंबर एसाइनमेंट, 10 नंबर प्रेजेंटेशन/वाइवा व 5 नंबर एसाइनमेंट के तय किए गए हैं। जो पूर्व में क्रमशः 10, 05, 05 था। खास यह कि विश्वविद्यालय व संबद्ध कॉलेजों में स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी भी शुरू हो गई है।

बृहस्पतिवार से इनके परीक्षा फार्म भी भरे जाने लगे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से कॉलेजों से इंटरनल, प्रैक्टिकल व मौखिक परीक्षा के नंबर भी ऑनलाइन पोर्टल पर मांग लिए गए। लेकिन अभी तक इस बदलाव से संबंधित जानकारी उनको नहीं दी गई है। यही वजह रही कि विश्वविद्यालय प्रशासन को इंटरनल, प्रैक्टीकल व मौखिक परीक्षा के नंबर अपलोड करने की तिथि 20 जनवरी तक बढ़ानी भी पड़ी। इस बारे में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा।



### बीकॉम ऑनर्स की परीक्षाएं छह से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों की बीकॉम ऑनर्स तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह जनवरी से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सक्सेना ने बताया कि परीक्षाएं 7 से 20 जनवरी तक दोपहर 2 से 5 बजे के बीच आयोजित की जाएंगी। वहीं, बीकॉम ऑनर्स पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 6 जनवरी से 21 जनवरी तक दोपहर 2 से पांच बजे के बीच आयोजित की जाएंगी।

### पहले सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 12 तक भरें

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों की विषम सेमेस्टर दिसंबर परीक्षा के लिए यूजी-पीजी, लॉ, डिप्लोमा व अन्य पाठ्यक्रमों के पहले सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर व छूटे छात्रों के परीक्षा फार्म 12 जनवरी तक भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षा फार्म ऑनलाइन विवि की वेबसाइट पर भरे जा सकेंगे। लविवि के पहले सेमेस्टर के छात्रों को परीक्षा फार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नहीं देना है। वे फार्म भरकर विभाग में जमा करें। विभाग द्वारा 14 जनवरी तक इसे लविवि में जमा करना है। जबकि कॉलेजों के छात्र फार्म भरकर, शुल्क जमाकर अपने विभाग में जमा करेंगे। कॉलेज इसे 14 जनवरी तक विवि में जमा कराएंगे। उन्होंने बताया कि लखनऊ के संबद्ध कॉलेज 14 जनवरी तक भरे परीक्षा फार्म की वेरिफाइड लिस्ट, विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन शुल्क जमा करते हुए परीक्षा फार्म, शुल्क रसीद के साथ विवि में जमा कराएंगे। इसी तरह रायबरेली व सीतापुर के कॉलेज 15 व हरदोई व लखीमपुर के कॉलेज 16 जनवरी तक जमा करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 4

# फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम फार्म 12 जनवरी तक भरने का मौका

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (23 Dec):** लखनऊ यूनिवर्सिटी और इससे सम्बद्ध लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर के सभी कॉलेजों में फर्स्ट सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 12 जनवरी 2022 तक भरे जाएंगे. जारी सूचना के अनुसार यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों के फर्स्ट सेमेस्टर की जो परीक्षाएं फरवरी–मार्च में प्रस्तावित हैं, उनके लिए फॉर्म भरने का मौका 12 जनवरी तक है.

**वेबसाइट पर फार्म उपलब्ध**

परीक्षा फॉर्म www.lkouniv.ac.in पर भी उपलब्ध हैं. नियमित छात्रों को बिना कोई फीस दिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर, एडमिशन फीस की रसीद के साथ सम्बंधित विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है. वहीं विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों को भरे परीक्षा फॉर्म की सूची 14 जनवरी तक एलयू के परीक्षा विभाग में जमा करानी है. वहीं बैकपेपर, एक्जम्पटेड और इम्प्रवूमेंट परीक्षाओं के लिए छात्रों को इनका ऑनलाइन फीस भी जमा करना होगा और उसकी रसीद के साथ फॉर्म जमा होगा. वहीं सम्बद्ध कॉलेजों के छात्र.छात्राओं को फॉर्म भरकर अपने कॉलेज में जमा करना है और कॉलेज प्रशासन इनकी पूरी सूची परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराएगा.

## JAGRAN CITY PAGE III

# 12 तक भरे जाएंगे यूजी–पीजी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म

- लविवि के परीक्षा नियंत्रक ने जारी किए निर्देश

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पढ़ने वाले स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा फार्म जारी कर दिए। दिसंबर-2021 स्नातक, परास्नातक, प्रबंधकीय स्नातक, प्रबंधकीय परास्नातक, विधि, डिप्लोमा एवं अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.exam.luonline.in व www.lkouniv.ac.in के माध्यम से 12 जनवरी तक फार्म भर सकते हैं। गुरुवार को परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने विस्तृत निर्देश जारी कर दिए।

उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने के साथ अलग से कोई फीस नहीं जमा करनी होगी। सिर्फ आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष कार्यालय को जमा किए गए परीक्षा फार्मों की सूची 14 जनवरी तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट और इक्जेम्टेड विद्यार्थियों को आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा करके संकायाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा। गौरतलब है कि लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के साथ-साथ रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर के सहयुक्त महाविद्यालयों के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी भी इसमें शामिल होंगे।

**कालेजों के लिए तय की गई तिथियां :** विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालयों को आनलाइन भरे गए परीक्षा फार्मों को लागिन से अग्रसारित करने एवं परीक्षा संबंधी अन्य कार्यों के लिए लागिन, पासवर्ड, उनकी ई-मेल व मोबाइल नंबर पर उपलब्ध कराएगा। कालेजों को भरे हुए परीक्षा फार्म की सूची शुल्क रसीद सहित निर्धारित तिथियों में परीक्षा विभाग में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**समस्या के लिए यहां करें संपर्क :** परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि आनलाइन परीक्षा फार्म भरने में विद्यार्थियों को कोई दिक्कत आती है तो वह lu@helpenable.com पर मेल कर सकते हैं। समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

| जनपद | फार्म जमा करने की तिथि |
|---|---|
| लखनऊ | 14 जनवरी |
| रायबरेली, सीतापुर | 15 जनवरी |
| हरदोई, लखीमपुरखीरी | 16 जनवरी |

## AMRIT VICHAR PAGE 5

# लविवि छात्र 12 जनवरी तक भरें परीक्षाफॉर्म

**लखनऊ।** लविवि में और इससे सम्बद्ध लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर के सभी कॉलेजों में प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाफॉर्म 12 जनवरी 2022 तक भरे जाएंगे। इस सम्बंध में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा सूचना गुरुवार को एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार स्नातक और पीजी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की जो परीक्षाएं फरवरी–मार्च में प्रस्तावित हैं, उनके लिए फॉर्म भरने का मौका 12 जनवरी तक है। परीक्षाफॉर्म www.exam.luonline.in पर भी उपलब्ध हैं।

# बीकाम आनर्स विषम सेमेस्टर परीक्षाएं छह से

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को बीकाम आनर्स तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षाएं छह जनवरी से शुरू होकर 21 जनवरी तकदोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

**बीकाम आनर्स तीसरा सेमेस्टर :** सात जनवरी-कास्ट अकाउंटिंग, 10 जनवरी-बिजनेस ला, 12 जनवरी-आपरेशंस मैनेजमेंट, 15 जनवरी-मार्केटिंग मैनेजमेंट, 18 जनवरी-इंटरनेशनल फाइनेंस, ह्यूमन रिर्सोस मैनेजमेंट (ओल्ड कोर्स), 20 जनवरी-बिजनेस इकोनामिक्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन (ओल्डकोर्स)।

बीकाम आनर्स पांचवां सेमेस्टर: छह जनवरी-एक्सपोर्ट ईंपोर्ट प्रोसीजर एंड डाक्यूमेंटेशन, आठ जनवरी-इंडस्ट्रियलला/ फारेन ट्रेड प्रोसीजर एंड डाक्यूमेंटेशन (ओल्ड कोर्स), 11 जनवरी-कंज्यूमरबिहेवियर एंड एडवरटाइजिंग मैनेजमेंट/इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (ओल्ड कोर्स), 13 जनवरी-बिजनेस फाइनेंस, 17 जनवरी-स्पेशलाइज्ड एकाउंटिंग/ फाइनेंसियल मार्केट आपरेशंस/ मैनेजमेंट अकाउंटिंग (ओल्ड कोर्स), 19 जनवरी-पर्सनल फाइनेंस डिसिजन/इंश्योरेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट, 21 जनवरी- फॉरेन लैंग्वेज : जर्मन/ फ्रंच।

## PIONEER PAGE 3

# एलयू प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 12 जनवरी तक भरे जाएंगे

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन ने गुरुवार को प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 12 जनवरी 2022 निर्धारित कर दी है। इसमें विवि सहित सम्बद्ध लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर के सभी कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। स्नातक और पीजी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की जो परीक्षाएं फरवरी-मार्च में प्रस्तावित है उनके लिए फॉर्म भरने का मौका 12 जनवरी तक है। परीक्षा फॉर्म विवि की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। नियमित छात्रों को बिना कोई शुल्क दिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर प्रवेश शुल्क की रसीद के साथ सम्बधित विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। वही विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों को भरे परीक्षा फॉर्म की सूची 14 जनवरी तक एलयू के परीक्षा विभाग में जमा करानी है। वही बैकपेपर, एक्जमप्टेड और इमप्रूवमेंट परीक्षाओं के लिए छात्रों को ऑनलाइन शुल्क भी जमा करना होगा। उसकी रसीद के साथ फॉर्म जमा होगा। वही सम्बद्ध कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को फॉर्म भरकर अपने कॉलेज में जमा करना है और कॉलेज प्रशासन इनकी पूरी सूची परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराएगा। लखनऊ के कॉलेजों को 14 जनवरी तक सूची उपलब्ध करानी है जबकि रायबरेली और सीतापुर के कॉलेज 15 जनवरी तक और हरदोई व सीतापुर के कॉलेजों को 16 जनवरी तक परीक्षा विभाग को उपलब्ध करानी होगी।

# माइनर सब्जेक्ट में शामिल हुई एनसीसी

**लखनऊ।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लविवि ने एनसीसी को माइनर सब्जेक्ट के रूप में शामिल कर लिया है। इस सत्र में अभी यह सब्जेक्ट के रूप में केवल बीए के छात्रों को पढ़ाई जा रही है लेकिन अगले सत्र से इसे बीएससी व बीकॉम करने वाले स्टूडेंट्स भी सब्जेक्ट के रूप में ले सकेंगे। विवि में एनसीसी का कोर्स रक्षा अध्ययन विभाग के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। विभाग के कोआर्डिनेटर डॉ ओपी शुक्ला का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत दो मेजर सब्जेक्ट 8-8 क्रेडिट के होंगे वही माइनर सब्जेक्ट के रूप में एनसीसी 4 क्रेडिट के होंगे। उन्होंने बताया कि अभी एनसीसी बीए में केवल एक सेक्शन में संचालित किया जा रहा है जिसमे 60 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। कोर्स की पढ़ाई विभाग में होती है जबकि ट्रेनिंग एनसीसी की बटालियन की तरफ से कराई जा रही है। विवि में 63 और 64 बटालियन हैं। एनसीसी की शुरुआत 15 जुलाई 1948 को नेशनल कैडेट कोर एक्ट के तहत हुई थी। एनसीसी कैडेट को देश की सेनाओं की यूथ विंग तक कहा जाता है। अभी हमारे देश में 15 लाख से ज्यादा एनसीसी कैडेट हैं। जिस समय इसकी शुरुआत हुई थी उस समय 20000 कैडेट ही थे। पाकिस्तान के साथ जब सन् 1965 और 1971 में जंग हुई तो एनसीसी कैडेट्स को ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों में भेजा गया ताकि वो मोर्चे पर तैनात सैनिकों को हथियार और गोला-बारूद भेजने में मदद कर सकें इसके साथ ही दुश्मन के पैराट्रूपर्स को पकड़ने के लिए इन्हें पेट्रोलिंग पार्टीज के तौर पर भी प्रयोग किया गया।

## FIRST INDIA PAGE 4

# WEALTH MANAGEMENT



—PHOTO BY SUMIT KUMAR

A three-day workshop on 'Wealth Management in Stock Market' was organised by the Department of Commerce, University of Lucknow from December 21 to 23 at Prof. S B Singh Auditorium, Department of Commerce under the guidance Prof. Audhesh Kumar, Head, Department of Commerce. The teachers of Department of Commerce - Prof. Arvind Kumar, Prof. Somesh Shukla, Prof. Ram Milan, Dr Sunita Srivastava, Dr Geetika T. Kapoor and the Research Scholars also marked their valuable presence.

## HINDUSTAN PAGE 6

# 12 जनवरी तक भरें प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म

लखनऊ विश्वविद्यालय और इससे सम्बद्ध लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर के सभी कॉलेजों में प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 12 जनवरी 2022 तक भरे जाएंगे। इस सम्बंध में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा गुरुवार को एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर सूचना है। सूचना के अनुसार स्नातक और पीजी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की जो परीक्षाएं फरवरी–मार्च में प्रस्तावित हैं, उनके लिए फॉर्म भरने का मौका 12 जनवरी तक है। परीक्षा फॉर्म exam.luonline.in पर भी उपलब्ध हैं। नियमित छात्रों को बिना शुल्क ऑनलाइन परीक्षाफॉर्म भरकर, प्रवेश शुल्क की रसीद के साथ जमा करना है।